हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026

04 शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज में अव्यवस्थाओं...



07 भार्गव समाज सर्वोदय ट्रस्ट का 49वां वार्षिक...





## खबर संक्षेप

### सम्राट अशोक सागर बांध की नहरें 5 से बंद

**विदिशा।** रबी सिंचाई के लिए 5 नवंबर 2025 से लगातार जल प्रदाय कर रहे सम्राट अशोक सागर बांध की नहरों का संचालन 5 मार्च से बंद किया जाएगा। कार्यपालन यंत्री राजकुमार पण्डोले के अनुसार पेयजल, औद्योगिक व अन्य आवश्यक उपयोग हेतु पर्याप्त जल आरक्षित रखने के बाद यह निर्णय लिया गया है। जल संतुलन व भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कदम उठाया गया है।

### शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने होली 3 मार्च (धुरेडी) और 8 मार्च रंगपंचमी पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। 3 मार्च को शाम 4 बजे तक पूरे जिले में मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन व मदिरापान प्रतिबंधित रहेगा। 8 मार्च को 73 शराब दुकानों को शाम 4 बजे तक तथा हाट बामोरीशाला स्थित एक दुकान को करीला माता मेले के मद्देनजर पूरे दिन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि निर्धारित अवधि में मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

### लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की विभागवार स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ये प्लेटफॉर्म शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करते हैं। शिकायतों में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में फीडबैक, संतोषजनक समाधान और शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर जानकारी देने पर जोर दिया गया।

### महामाई मंदिर में तैयारी की समीक्षा बैठक हुई

**विदिशा।** महामाई माता मंदिर डांगवाली में चैत्र नवरात्रि विक्रम संवत 2083 के आयोजन को लेकर श्री महामाई सेवा समिति की बैठक हुई। उमाकांत शर्मा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता व पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद व्यवस्थाओं की समीक्षा कर विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई।

### करीला धाम का कलेक्टर एसपी ने जायजा लिया

**विदिशा।** रंगपंचमी पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए करीला मंदिर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात व भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पार्किंग, बैरिकेडिंग, मार्ग संकेतक और सीसीटीवी निगरानी के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी शिविर व एम्बुलेंस तैनात करने को कहा गया। अधिकारियों ने माता जानकी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### राष्ट्रीय गीत-गान के साथ कार्यों की शुरुआत

**विदिशा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की पहली तारीख को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय गान कार्यक्रम इस बार 1 मार्च को रविवार होने के कारण 2 मार्च की सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गीत और गान के माध्यम से राष्ट्र के प्रति सम्मान, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव की भावना को सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यालयों में प्रशासनिक कार्य प्रारंभ किए गए।

## बिजली के खंभे के कई तार टूटे, घंटों तक बाधित रही बिजली

# युवती को टक्कर मार भागा चालक, बेकाबू डंपर खंभे में घुसा, कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अहमदपुर चौराहे के पास सोमवार सुबह 10 बजे एक तेज रफ्तार रेत से भरे डंपर ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन से कूदकर फरार हो गया। बेकाबू डंपर बिजली का खंभा तोड़ता हुआ एक घर में जा घुसा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

घायल युवती की पहचान खुशबू साहू (22) के रूप में हुई है, जो मोहनगिरी निवासी जगदीश साहू की बेटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर अहमदपुर चौराहे की ओर से तेज गति से आ रहा था। उसने दोपहिया वाहन से जा रही युवती को जोरदार टक्कर मारी, जिससे युवती सड़क पर गिर गई और डंपर उसके हाथ के ऊपर से निकल गया।



विदिशा। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई।

### ड्राइवर कूदकर भागा, घर का शटर टूटा

चौराहे के नजदीक टक्कर के बाद चालक वाहन से कूदकर भाग गया। अनियंत्रित डंपर ने पहले एक बिजली के खंभे को तोड़ा और फिर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। इस टक्कर से ट्रैक्टर आगे बढ़कर एक मकान में जा घुसा, जिससे घर का शटर और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। युवती सड़क पर घायल पड़ी थी और कोई मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। कुछ लोगों ने युवती को अपनी एक्टिवा पर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

### तार टूटे, घंटों तक गुल रही बिजली

हादसे में बिजली का खंभा टूटने के कारण अहमदपुर से लेकर सागर पुलिया तक के इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। डंपर को हटाने के बाद मरम्मत कार्य किया गया करीब 2 से 3 घंटे के बाद बिजली बहाल हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को हटाने की कार्रवाई शुरू की। चौराहे पर इतनी बड़ी संख्या में लोग होने के बाद भी एक्सीडेंट करके डंपर चालक फरार हो गया जबकि यह क्षेत्र काफी व्यस्ततम है और भागने के लिए ज्यादा रास्ते भी नहीं है। इसके बाद भी चालक फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।



## कमापार मंदिर के पास सड़क हादसा, दो गंभीर

**विदिशा।** रविवार देर रात सांची तरफ रोड के कमापार मंदिर के पास एक सड़क हादसा हो गया। बोलेरो पिकअप वाहन की आईसर ट्रक से जोरदार टक्कर में पिकअप के ड्राइवर और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ड्राइवर के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि क्लीनर का एक पैर बुरी तरह टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी आदर्श तिवारी और राजा यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया और पिकअप मालिक को फोन पर हादसे की जानकारी दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एसएटीआई कॉलेज में 4 दिवसीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया



**विदिशा।** सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान में सर सीवी रमन के जन्मदिवस के अवसर पर अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा 25 से 28 फरवरी तक चार दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का सहयोग प्राप्त हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. वायके जैन ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विज्ञान को आधुनिक तकनीक की आधारशिला बताते हुए समाज के सामूहिक योगदान पर बल दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने विज्ञान क्षेत्र में बढ़ती महिला सहभागिता को सकारात्मक बदलाव बताया। महोत्सव के दौरान साइंस क्विज, भाषण, विज्ञान आधारित रंगोली, पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र दुबे, डॉ. सचिन महाजन, डॉ. सीएस शर्मा, डॉ राजेंद्र पाठक, डॉ. रवि जैन, प्रो. स्वाती दुबे, डॉ नम्रता राजावत, डॉ राजे सेंगर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नितिन गौर व साक्षी शर्मा ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन किया गया।

# बाजारों में छाई 'चंद्रयान-3' और पुष्पा की कुल्हाड़ी वाली पिचकारी

### केमिकल वाले रंगों की जगह हर्बल गुलाल की मांग



विदिशा। बड़ा बाजार क्षेत्र में पिचकारियों की दुकानें लगाई गईं हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के बाजार होली के पर्व के लिए पूरी तरह सजकर तैयार हैं। रंग-बिरंगे गुलाल और आकर्षक पिचकारियों ने त्योहारी रौनक काफी बढ़ा दी है। इस बार बच्चों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि बाजार में 'चंद्रयान-3' से लेकर देशभक्ति थीम वाली नई और अनोखी वैरायटियां उपलब्ध हैं। वहीं, लोग अपनी त्वचा और पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए केमिकल वाले रंगों की जगह हर्बल गुलाल को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं।

दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष बाजार में 'चंद्रयान-3', 'ऑपरेशन सिंधु', रॉकेट, पुष्पा की कुल्हाड़ी, तलवार और सुपरहीरो थीम वाली पिचकारियां बच्चों को सबसे ज्यादा आकर्षित कर रही हैं। विज्ञान और देशभक्ति से जुड़ी इन विशेष थीम वाली पिचकारियों की मांग बहुत अधिक देखी जा रही है। कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां भी बाजार में छाई हुई हैं।

### इको-फ्रेंडली और हर्बल रंगों की ओर बढ़ा रुझान

रंग और गुलाल की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी भीड़ नजर आ रही है। इस बार लोग केमिकल युक्त पक्के रंगों से दूरी बनाकर पूरी तरह से हर्बल और इको-फ्रेंडली रंगों को ही अपनी पहली पसंद बना रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार प्राकृतिक गुलाल और ऑर्गेनिक रंगों की मांग काफी तेजी से बढ़ी है।

### 20 से 300 रुपए तक की रेंज में पिचकारियां

बाजार में सामान्य पिचकारियों की कीमत 20 रुपए से शुरू होकर 300 तक है, जबकि कुछ विशेष डिजाइन और बड़ी पिचकारियां इससे अधिक मूल्य पर भी उपलब्ध हैं। वहीं रंग और गुलाल भी 10 रुपए के साधारण पैकेट से लेकर प्रीमियम गिफ्ट पैक में धड़ल्ले से बिक रहा है। इस बार होली का बाजार देशभक्ति थीम और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शा रहा है।

### गेहूं, चना, मसूर के ई-उपार्जन एवं सरसों भावांतर योजना में पंजीयन कराने की अपील

# सात मार्च तक गेहूं, 16 मार्च तक चना-मसूर और 20 मार्च तक सरसों पंजीयन की आखिरी तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित है, जबकि चना एवं मसूर के पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च है। भावांतर योजना अंतर्गत सरसों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च तय की गई है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देशित किया है कि जिले का कोई भी पात्र किसान उपार्जन एवं भावांतर प्रक्रिया से वंचित न रहे। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में 113 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### समितियों पर निशुल्क, ऑनलाइन पर 50 रु. लगेंगे

सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संस्थाओं, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर की गई है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित केंद्रों पर उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन, कियोस्क, लोकसेवा केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर तथा निजी साइबर कैफे के माध्यम से 50 रुपए शुल्क के साथ भी पंजीयन कराया जा सकता है। उप संचालक कृषि केएस खपेड़िया ने अनुरोध किया है कि पंजीयन के लिए दस्तावेज जैसे खसरा-खतौनी, आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं बैंक खाते का विवरण साथ लेकर निर्धारित केंद्रों पर समय पर उपस्थित हों, ताकि प्रक्रिया सुगमता से पूर्ण हो सके।

# द्वितीय चरण में 24 शराब दुकानों के ई-टेंडर 5 को

### 5 समूहों का आरक्षित मूल्य 146.93 करोड़ रुपए, 3 से 5 मार्च तक होगी ऑनलाइन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में प्रथम चरण 1 में विदिशा जिले की 27 शराब दुकानों के 6 समूह की नीलामी प्रक्रिया ई-टेंडर और ई-टेंडर कम आक्शन के माध्यम से 27 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च की दोपहर 2 बजे तक ई टेंडर और ई टेंडर कम आक्शन के माध्यम से खोले गए हैं।

द्वितीय चरण की प्रक्रिया के तहत 24 शराब दुकानों के 5 समूहों का ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से निष्पादन किया जाएगा। द्वितीय चरण की प्रक्रिया 3 मार्च को सुबह दस बजे से प्रारंभ होकर 5 मार्च को दोपहर 2 बजे तक ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से संचालित की जाएगी। बस स्टेंड समूह का आरक्षित मूल्य 47 करोड़ 30 लाख 52 हजार 374 रुपए, बासौदा समूह का आरक्षित मूल्य 39 करोड़ 65 लाख 90 हजार 262 रुपए, अटारीखेजड़ा समूह का आरक्षित मूल्य 23 करोड़ 81 लाख 29 हजार 26 रुपए, कागपुर समूह का आरक्षित मूल्य 18 करोड़ 42 लाख 71 हजार 544 रुपए, लटेरी समूह का आरक्षित मूल्य 17 करोड़ 73 लाख 21 हजार 379 रुपए, इन सभी समूहों का कुल आरक्षित मूल्य 146 करोड़ 93 लाख 64 हजार 585 रुपए निर्धारित किया गया है।





प्रथम चरण में जिले की 27 शराब दुकानों के 6 समूहों का निष्पादन 27 फरवरी से 2 मार्च तक ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से किया जा चुका है।

# नौजवानों ने रोजा इफ्तार कराकर भाईचारे का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पेड़ी स्कूल खाई क्षेत्र में नौजवान साथियों द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द को मजबूत करना रहा। इफ्तार के लिए खजूर, फल, शरबत एवं अन्य खाद्य सामग्री की समुचित व्यवस्था की गई थी। अजान होते ही रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा खोला और देश-प्रदेश की खुशहाली, अमन-चैन तथा तरक्की के लिए दुआ की। इस अवसर पर उपस्थित बुजुर्गों और युवाओं ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और प्रेम का संदेश फैलाने का कार्य करते हैं। आयोजकों ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना इंसानियत, त्याग और सहयोग की भावना को मजबूत करता है, इसलिए सभी को मिलकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

- अजान होते ही सामूहिक रूप से रोजा खोला गया।

## 9 से 18 मार्च तक शिविर लगेंगे

**विदिशा।** मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के त्वरित निराकरण के लिए 9 से 18 मार्च तक प्रदेश के सभी जिला एवं संभाग मुख्यालयों पर परिवेदना निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि, सेवा अभिलेख अद्यतनीकरण, आगामी तीन वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का परीक्षण, पेंशनरी प्रकरण तथा अन्य लंबित अभ्यावेदन प्राथमिकता से निपटाए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त संचालक को व्यापक प्रचार-प्रसार, आवेदकों के लिए बैठने, पेयजल, पंजीकरण व डाटा एंट्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन व संचालनालय स्तर के प्रकरण तत्काल प्रेषित किए जाएंगे। लंबित आवेदन पर न्यायालयीन स्थिति बनने पर संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। स्थानांतरण व नीतिगत मांगों से जुड़े आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### 3, 4 और 7 मार्च कृषि मंडी में रहेगा अवकाश

**हरिभूमि न्यूज . विदिशा।** मंगलवार को पूर्व घोषित अवकाश और बैंकें बंद होने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। वहीं बुधवार 4 मार्च को धुलेंडी पर्व और व 7 मार्ग शनिवार को संघ का होली मिलन समारोह होने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। अनाज तिलहन कल्याण उत्थान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने किसानों से अपील की है कि वह उक्त दिनों में अपनी उपज नीलामी के लिए कृषि मंडी में न लेकर आएं।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव के दौरे से पहले कलेक्टर-एसपी ने जायजा लिया

# विधायक सिंचाई, सड़क व पुलिस चौकी का मुद्दा उठाएंगे

**प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

7 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शमशाबाद दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित केशवानी, जिपं ओपी सनोडिया ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



अधिकारियों ने कृषि उपज मंडी परिसर, पार्किंग स्थल पीएमश्री बालक हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड व नहरयाई में प्रस्तावित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा, मंच व्यवस्था, आवागमन, पार्किंग और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। कृषि उपज मंडी परिसर में बैठक आयोजित कर सभी विभागों को समन्वय के साथ समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं और मांगें रखी जाएंगी। जिसमें संजय सागर व सगड़ बांध से सिंचाई से वंचित गांवों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था, विधानसभा क्षेत्र की मुख्य सड़कों का निर्माण, सिविल कोर्ट की स्थापना, वर्धा में पुलिस चौकी, नगर परिषद के सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर एसडीएम अजयप्रताप पटेल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेश मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, एसडीओपी अमरेश बोहरे, तहसीलदार प्रेमलता पाल, नगर निरीक्षक राजपाल सिंह जादौन, सीएमओ अनिल बिदुआ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक मुकेश श्रीवास्तव का कायस्थ समाज ने सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्राथमिक शाला पठारी हवेली में कार्यरत शिक्षक मुकेश श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि शेरपुरा स्थित कायस्थ धर्मशाला में कायस्थ सभा के सदस्यों सहित महिला मंडल, युवा मंडल, वरिष्ठ समाजसेवियों सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और शिक्षक, शिक्षिकाओं ने श्री श्रीवास्तव को सम्मानित किया।

सेवानिवृत्त शिक्षक मुकेश श्रीवास्तव को अभिनदंन पत्र, शाल, श्रीफल देकर विदाई दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप


### 11 बालिकाओं को लगे नि:शुल्क टीके

**गंजबासौदा।** गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए अभियान की शुरुआत हुई। पहले दिन नगर के सिविल अस्पताल में 4 बालिकाओं को टीका लगा। त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7 बालिकाओं को टीका लगा। अभियान के तहत दोनों सरकारी अस्पतालों में किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया जा रहा है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सर्वाधिक पाया जाने वाला कैंसर है। इसका प्रमुख कारण एचपीवी वायरस है। बचाव का प्रभावी माध्यम टीकाकरण है। अस्पताल में गार्डसिल वैक्सीन का एक डोज लगाया जा रहा है। बाजार में इसकी कीमत लगभग 4 हजार रुपए है। सरकारी अस्पताल में यह टीका निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। शासकीय अस्पताल के प्रभारी सह अधीक्षक डॉ. रविंद्र चिड़ार और बीएमओ डॉ. प्रमेंद्र तिवारी ने बताया कि टीका केवल उन किशोरियों को लगेगा, जिन्होंने 14 वां जन्मदिन मना लिया है। 15 वां जन्मदिन नहीं मनाया है। टीकाकरण के लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। अभिभावकों को मोबाइल लाना जरूरी है। पहचान पत्र भी साथ लाना होगा।

### हनुमान चालीसा पाठ का 118 वां चरण संपन्न

**गंजबासौदा।** हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चूड़ी मोहल्ला स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का 118 वां चरण संपन्न कराया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ना रहा। पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने फूल और गुलाल की वर्षा की। मंदिर परिसर रंगमय हो उठा। जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयघोष गूंजे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी का पूजन-अर्चन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। भजन संध्या में अर्णव रघुवंशी, मोहित तिवारी ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। श्रद्धालु झूमते नजर आए। माताएं, बहनें, युवा, बच्चे उत्साह से शामिल हुए। मंदिर के पास रहने वाली प्रियंका माथुर ने मंदिर की प्राचीनता बताई।

### रात्रि में बाइक चोरी



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 निवासी धनसिंह अहिरवार ने शहर थाना प्रभारी के नाम एक शिकायती आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि 27 फरवरी को रात्रि के समय खाटू श्याम मंदिर के पास से हीरो डीलक्स क्रमांक एमपी 40 एमव्ही 8489 अज्ञात चोर चुरा ले गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह मंदिर जाते समय गाड़ी को लॉक कर गए थे, जब मंदिर से वापिस आए तो बाइक गायब थी। पीड़ित द्वारा दिए आवेदन में चोर के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर बाइक को शीघ्र ढूंढने की मांग की है।

# गंज के नरसिंह मंदिर में चोरी के आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



देहात थाना पुलिस ने गंज स्थित नरसिंह भगवान मंदिर में चोरी करने वाले अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर एक हफ्ते में दूसरी मंदिर चोरी का खुलासा किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में देहात थाना क्षेत्र स्थित गंज में दिनांक 21 फरवरी को नरसिंह भगवान मंदिर से 3 चांदी के मुकुट, 2 चांदी के छत्र चोरी की रिपोर्ट पर धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। जिसके बाद गठित विशेष टीम द्वारा कस्बा में विभिन्न करीबन 50 सीसीटीवी कैमरों की जांच कर विश्वसनीय सूत्रों की मदद से आरोपीगणों की पहचान कर आरोपी रामबाबू उर्फ रामू केवट उम्र 25 साल निवासी ग्राम झागर, थाना पथरिया हाल इंद्रानगर, रवि केवट उम्र 32 साल निवासी ग्राम झागर थाना पथरिया हाल स्वरूपनगर डिपो, कल्ला केवट उम्र 22 साल निवासी ग्राम झागर थाना पथरिया हाल तिरंगा चौराहा से मंदिर में की गई चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। जिनके द्वारा जुर्म स्वीकार करना बताया एवं नरसिंह के मंदिर से चोरी किये चांदी के मुकुट व चांदी के छत्र को जब्त किया गया।

आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा 1 लाख 90 हजार रुपये का माल जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, सिटी थाना प्रभारी संजय बेदिया, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, दिव्य क्रांति भार्गव, राम निवास मीना, राहुल झा, रिषभ श्रीवास्तव की भूमिका रही।

## संस्कृत भारती की प्रांत स्तरीय आवासीय प्रबोधन वर्ग की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को स्वर्गीय अनिल यादव पत्रकार भवन में संस्कृत भारती के तत्वावधान में मध्य भारत प्रान्त का सप्त दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अशोक भदोरिया प्रान्ताध्यक्ष संस्कृत भारती मध्य भारत प्रान्त, डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय प्रान्तोपाध्यक्ष, डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी प्रान्त मंत्री, डॉ.जागेश्वर पटले प्रान्त संगठनमंत्री, सुरेन्द्र कुशवाह विभाग संयोजक संस्कृत भारती विदिशा विभाग उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सात दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग का आयोजन नगर में किया जाएगा। इस वर्ग में 10 वी उत्तीर्ण एवं संस्कृत सीखने में रुचि रखने वाले शिक्षार्थी को सर्वप्रथम अवसर दिया जाएगा। इसमें सभी संवर्ग एवं उम्र के लोग भाग ले सकते हैं। इसमें स्थानीय स्तर के संस्कृत भारती के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। जिसमें पंडित अनिल चतुर्वेदी, भूपेंद्र सेन, विनोद शर्मा, मोहित शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, अभिलाषा चतुर्वेदी, तनिष्का तिवारी, नैन्सी तिवारी, रमेश दुबे, आचार्य शिव शंकर पांडे, सौरव सुहाने, शैलेन्द्र सक्सेना, विमलेश लोघी, शानु विश्वकर्मा, हिमांशी, ख्याति चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन के दौरान प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के शासकीय संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं असामाजिक गतिविधियों को लेकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करीब दो घंटे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

परिषद के जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में लगातार असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। परीक्षा के दौरान भी बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश बना रहता है, जिससे विद्यार्थियों में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। नगर मंत्री गजेंद्र राजपूत ने बताया कि रात्रि के समय कुछ लोग परिसर में जन्मदिन आदि कार्यक्रम मनाकर शासकीय भवन एवं खिडकी दरवाजों के कांच को नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को क्षति हो रही है। साथ ही कुछ प्राध्यापक ट्रेन समय के अनुसार महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है।

जनभागीदारी से नियुक्त कर्मचारियों के बिना सूचना के शनिवार को अवकाश लेने के कारण प्रशासनिक कार्य भी बाधित हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु विद्यार्थी अपनी मांगों पर अडिग रहे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार अनुराग रावत मौके पर पहुँचे तथा परिषद के कार्यकर्ताओं से चर्चा कर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिषद ने प्रशासन को 7 दिवस के भीतर समस्याओं के समाधान की चेतावनी दी है। यदि निर्धारित समयावधि में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान परिषद के अभिषेक रघुवंशी, उत्कर्ष, अंशुल, तरुण, पार्थ, निखिल, शिवेन्द्र, हीरेंद्र, भूपेन्द्र, राहुल ओम सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद तहसीलदार द्वारा एक पत्र महाविद्यालय को प्रेषित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्टॉफ एवं अन्य जानकारियां मांगी गई हैं।

## दो साल से बंद पड़ी रोजरु, बीलाढाना नल जल योजना की टंकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले दो सालों से ग्राम रोजरु, बीलाढाना की नल जल योजना टंकी बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव में लाइन भी फिट हो गई है मगर एक महीना पानी आया फिर बंद हो गई। लगभग 84 लाख की लागत से बनी टंकी अभी से ही क्षतिग्रस्त होने लगी है। ग्रामीणों को कहना है कि गांव के घर घर पानी की टोटी लग चुकी है जो मकान की शोपीस बन कर रह गई है। ग्रामवासी इसकी शिकायत को लेकर संबंधित विभाग,कलेक्टर को कर चुके हैं लेकिन आज तक नल जल योजना चालू नहीं हुई है। ग्राम में जो हेडपंप लगे हैं उन्होंने वाटर लेवल कम हो जाने के कारण पानी देना बंद कर दिया है।

## शुभ मुहूर्त में किया होलिका दहन



**गंजबासौदा।** होलिका दहन के लिए नगर में जगह जगह डांडे लगाए गए थे। सोमवार को होलिका दहन के पूर्व होली उत्सव समितियों ने इन स्थानों पर कंडे एकत्रित कर होलिका दहन की। इस दौरान वार्ड क्रमांक 24 में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कंडों एवं प्रतिमा के साथ होलिका की आकर्षक झांकी सजाई थी। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी होलिका दहन स्थलों को सजाया गया था। सोमवार की देर रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया, जबकि मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण धुलेंडी यानि रंगों की होली बुधवार को मनेगी।

## वाट्सएप ग्रुप से हटाने पर चाकूबाजी

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम बरेठ में बीती रात कॉलोनी के वाट्सएप ग्रुप से हटाने पर से तीन युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। शिकायतकर्ता राहुल अग्रवाल ने बताया कि बीती रात वह अपने दोस्त शुभम पाल और मनोज पाल के साथ शुभम के फार्म हाउस पर थे। तभी धर्मेन्द्र उर्फ बंटी पंथी, रोहित परिहार और आकाश विश्वकर्मा उर्फ झूला वहां आ गए। उन्होंने शुभम द्वारा कॉलोनाइजर ग्रुप से धर्मेन्द्र उर्फ बंटी पंथी को हटाने पर विवाद शुरू किया और इस बीच शुभम को चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद राहुल और मनोज शुभम को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे विदिशा रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने राहुल अग्रवाल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बच्चों के साथ खेली गुलाल से होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को वार्ड क्रमांक 21 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलेखा पंथी द्वारा बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

## खाद्य विभाग की टीम ने की जांच



**गंजबासौदा।** कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के पालन में सोमवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन विदिशा के निरीक्षण दल द्वारा बासौदा शहर एवं त्योंदा, पठारी स्थित दुकानों की जांच की गई। इस दौरान होली को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय को प्रतिबंधित करने हेतु होटल एवं बादाम शेक पार्लर से मिठाई, मैदा, बादाम शेक, आइसक्रीम, रिफाइंड सोयाबीन तेल, रोजा इफ्तारी में बिक्री हेतु संग्रह बूंदी एवं बेसन के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। नमूना कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की गई।

### पुरानी कृषि उपज मंडी में पंच कल्याणक महोत्सव हो रहा आयोजित

# नौ रथों पर श्रीजी को विराजमान कर निकली रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंच कल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन भगवान आदिनाथ स्वामी का मोक्ष निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः आयोजन स्थल अयोध्या नगरी में कैलाश पर्वत की रचना की गई, जिसमें जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी अपने कैवल्य ज्ञान अवस्था में विराजमान हुए और नित्य अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के उपरांत नंदीश्वर द्वीप पूजन की गई। वही पूजन के साथ कैलाश पर्वत पर विराजमान भगवान आदिनाथ स्वामी के निर्वाण मोक्ष का अलौकिक दृश्य उपस्थित हजारों धर्मानुरागी बंधुओं को देखने को मिला। भगवान को मोक्ष की प्राप्ति के उपरांत सौधर्म इंद्र की आज्ञा से अग्नि कुमार इंद्र द्वारा भगवान के नख और केशों का विर्सजन किया गया। तत्पश्चात मुनि विमल सागर महाराज एवं मुनि अनंत सागर महाराज द्वारा मोक्ष कल्याणक विशेष प्रवचन सुनने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। मोक्ष कल्याणक पूजन के साथ विश्व शांति महायज्ञ , उपस्थित इंद्र और इंद्राणी द्वारा किया गया। तत्पश्चात विशाल रथयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रमुख सेवादल, महिला मंडल, बालिका मंडल अपनी अपनी प्रस्तुतियां देते नजर आए। फेरी में विशाल गजरथ पर सवार सौधर्म इंद्र सबसे आगे चल रहे थे, उसके पीछे रजत रथ, विज्ञान रथ सहित कुल नौ रथ यात्रा में शामिल हुए। प्रत्येक रथ पर जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा विराजमान रहीं, जो कि चल समारोह को शोभायमान कर रहे थे। विशाल रथ यात्रा में नगर में विराजमान तीनों मुनिराजों का पावन सानिध्य भी प्राप्त हुआ। मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं रथ यात्रा, आयोजन को देखने और धर्म आराधना करने के लिए नगर के अलावा आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए।

वहीं रथ यात्रा के उपरांत पंच कल्याणक महोत्सव में प्रतिष्ठित होने वाली सभी जिन प्रतिमाओं को प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी विनय भैय्या के मार्गदर्शन में पूरी भक्ति, विनय, शुद्धि और श्रद्धा के साथ जिनालय में विराजमान किया गया। वहीं आयोजन समिति ने विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजली मनोज यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, स्थानीय राजस्व प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, विद्युत मंडल, मंडी प्रशासन, पत्रकार गणों, गंज बासौदा व्यापार महासंघ, अनाज तिलहन व्यापार महासंघ सहित सभी सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के उच्च श्रेणी शिक्षक महेंद्र सिंह का सेवानिवृत्त समारोह योग मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे गंज मंदिर के महंत त्यागी महाराज, शासकीय गुलाबगंज महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता, एसजीएस कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, विकास खंड योग समिति अध्यक्ष चंद्र कुमार तारण, त्योंदा प्राचार्य अभय शर्मा, संकुल प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति, प्राचार्य संजीव टंडन ,पूरन सिंह लोधी, शिक्षक संगठन प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ,पूर्व रजिस्ट्रार चित्रकूट विश्व विद्यालय बालेश्वर सिंह, पूर्व प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष चतर सिंह लोधी, योगाचार्य संदेश मिश्र, जनशिक्षक वीरेंद्र सिंह दिवाकर, जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव, अतुल नेमा ने शिक्षक को भारत का निर्माणकर्ता बताते हुऐ गुरू पद की महिमा बताई।

इस अवसर पर ग्रामीणजनों व बाल कैबिनेट के सदस्यों ने विधायक हरीसिंह रघुवंशी के नाम छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि शाला में बाऊड्रीवाल न होने से शाला के कमरों के ताले अज्ञात आसामाजिक तत्व तोड़कर फेंक रहे है, पौधारोपण के पौधे तोड़कर जाली को ले जाते है एवं शाला परिसर को गंदा कर रहे हैं। अतः शीघ्र बाउण्ड्रीवाल बनवाई जाए, शाला मे विद्युत का मीटर तो लगा है लेकिन लाइट नहीं है जिससे बच्चे भीषण गर्मी में परेशान होते हैं। जबकि विद्युत विभाग द्वारा बिल लगाकर विभाग से वसूल किया जा रहा है, शाला के चारों कमरों की छत बारिश मे बहुत ज्यादा टपकती है। छत की मरम्मत कराई जाऐ, शाला की बालिकाओं की क्रिकेट टीम है, बालकों की भी टीम बनी है इसलिए दो क्रिकेट टीम के लिऐ दो क्रिकेट किट पूरी, शतरंज, तीनों कक्षाओं के लिऐ तीन बड़े कैरम, बैडमिंटन नेट व 6 रैकैट व चिड़ियों का डिब्बा सहित सभी खेलों का सामान दिलाया जाऐ। शिक्षण हेतु तीन कंप्यूटर एक डिजिटल स्मार्ट टीवी व एक कलर प्रिंटर प्रोजेक्ट वर्क हेतु दिलाया जाए, शाला के पास में माता रानी का मंदिर है मंदिर में न तो लाइट है न बिजली का खंबा, फिलहाल समाजसेवी फेरन सिंह के घर से निस्वार्थ भाव से लाइट लगी है। मंदिर की परिक्रमा पथ व पूरे परिसर से रोड तक सीसीकरण की आवश्यकता है। चैत्र नवरात्र से पहले मंदिर की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाऐ। कार्यक्रम का संचालन योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने किया जबकि आभार मोनिका विजोले ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रामराज दांगी, रोहित दांगी, संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, सैयद लियाकत अली, राजेश तिवारी, अरूण पांडे, नीलम रघुवंशी, अनूप दुबे, मुशीलाल अहिरवार सहित अनेक शिक्षक व गणमान्य नागरिक, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### देहदान, अंगदान में निस्वार्थ कार्य करने पर डॉ राकेश भार्गव का सम्मान

# भार्गव समाज सर्वोदय ट्रस्ट का 49वां वार्षिक व्यापक सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कठाली बाजार स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में भार्गव समाज सर्वोदय ट्रस्ट का 49वां वार्षिक व्यापक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। वही कार्यक्रम का शुभारंभ महिला सभा द्वारा ईश वन्दना से किया गया। इस मौके पर समाज के गौरव डॉ राकेश भार्गव द्वारा किरण फाउंडेशन के माध्यम से देहदान,अंगदान में निस्वार्थ भाव से किए जा कार्यो की सराहना की। समाज द्वारा राकेश भार्गव का शॉल श्रीफल भेंट कर अभिनन्दन पत्र भेंटकर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ राकेश भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंगदान एक महान दान है, जिससे कोई व्यक्ति मृत्यु के बाद भी कई लोगों को नया जीवन दे सकता है। इस पुनीत कार्य को समाज तक पहुँचाने के लिए कई कार्यक्रम किए जा चुके है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से सहभोज का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त अध्यक्ष हरिबाबू भार्गव द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक राधारमण भार्गव,दीपक भार्गव,प्रभात भार्गव,संजय भार्गव,प्रकाश नारायण भार्गव,नरेन्द्र भार्गव,राकेश भार्गव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।








उल्लेखनीय है कि डॉ राकेश भार्गव द्वारा अंगदान देहदान के लिए चलाए जा रहें कार्यक्रम में सदैव असहाय मजबूर लोगो को हमेशा मदद करने के साथ यदि कोई भी व्यक्ति इलाज कराने में भी असक्षम या भोपाल के किसी अस्पतालों में असुविधा व परेशानिया महसूस करता है तो उसके लिए मदद करने के लिए श्री भार्गव हमेशा आगे रहते है। वह स्वंय मरीज के पास पहुचकर उनके परिवार जनों से मिलकर उन्हें ताकत देकर आर्थिक रूप से भी आ रही परेशानियों में भी मदद के लिए मौजूद रहतें है। ऐसे लोग बिरले ही होते है जो समाजसेवा के लिए सदैव समर्पित रहते है। ज्ञात हो कि सिरोंज शहर के पूर्व विधायक एंव विदिशा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमन भार्गव भी सदैव समाज सेवा में समर्पित रहें है और वह अधिवक्ता के रूप में अपनी पैरक्टिस के समय कई लोगो की मदद के साथ निशुल्क न्याय दिलाने में मदद की है। डॉ भार्गव कहते है कि मेरे पिता श्री अभी भी लोगो को न्याय दिलाने के लिए मदद करते है। मुझे भी यह प्रणा मेरे पिता जी से मिली है।

आखिर कौन है डॉ राकेश भार्गव - सिरोंज के पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता राधारमन भार्गव के पुत्र डॉ राकेश भार्गव का जन्म सिरोंज की माटी में हुआ। शुरू से ही वह धार्मिक व सामाजिक कार्यो से जुडे रहें। तो वही डॉ बनने के बाद भोपाल पहुचकर वह कई सामाजिक संगठनो से जुडे और अपने डॉक्टरी के कार्य के साथ वह मरीजो का निशुल्क उपचार कराना व छोटे बच्चो को निशुल्क टीकाकरण करना आदि के साथ मध्य प्रदेश किरण फाउंडेशन के सचिव के रूप में कार्य करते हुए उन्होने पूरे प्रदेश में अंगदान,देहदान,नेत्रदान आदि के कार्य में रात दिन अपने स्वंय के व्यय पर जगह जगह पहुचकर नागरिको को परामर्श देते रहें। अभी तक लगभग 20 हजार लोगो को परामर्श व समझाइश देकर देहदान व अंगदान का महत्व समझा चुके है। वही डॉ राकेश भार्गव से प्रणा लेकर आज कई लोगो ने देहदान अंगदान में रूचि दिखाई। वर्तवान में राज्य स्तरीय देहदान समिति में प्रमुख रूप से अपने दायित्व का निर्वहन कर रहें है।

किरण फाउंडेशन की पहल पर शासन ने की घोषणा - काफी लंबे समय से मध्यप्रदेश में किरण फाउंडेशन के माध्यम से प्रदेश शासन एंव प्रदेश के मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन देकर हमेशा मांग करते रहे कि देहदान करने वाले व्यक्ति को गार्ड ऑफ हॉनर से सम्मानित किया जाए। डॉ राकेश भार्गव की इस पहल को मानते हुए देहदान करने वाले व्यक्तियों को गार्ड ऑफ हॉनर के साथ सम्मानित किया जाएगा। जिसका कई नागरिक को सम्मान भी मिल रहा है। श्री भार्गव द्वारा किए गए कार्यो की मप्र के स्वास्थ्य मंत्री शिवाजी राव पाटिल ने भूरी-भूरी प्रशन्नसा की।

शासन के अधिकारी,कर्मचारियो का निशुल्क चैकअप - किरण फाउंडेशन के माध्यम से डॉ राकेश भार्गव द्वारा यातायात पुलिस अधिकारी,कर्मचारी व सरकारी अमला एंव गरीब बस्तियों में बीपी,शुगर सहित अन्य बीमारियो को लेकर निशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते रहे है। इससे काफी लोगो को फायद भी पहुचा है।

महिला सभा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन - इस मौके पर भार्गव महिला सभा द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुत किए गए। जिसमें समाज के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ-चढकर सहभागिता की। तो वही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सर्वोदय ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष द्वारा वितीय वर्ष 2025-26 का उपाय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही आगामी वितीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित आय-व्यय हेतु बजट प्रस्तुत किया गया। जिसें सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया।

### रंगपंचमी पर करीला मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

# कलेक्टर-एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## सुरक्षा-पेयजल-स्वास्थ्य पर विशेष निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




रंगपंचमी के अवसर पर ग्राम पंचायत बामौरी शाला स्थित माता जानकी दरबार में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए करीला मंदिर में की जा रही व्यवस्थाओं का कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने संयुक्त रूप से स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया। वही कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आवागमन सुचारू रूप से संचालित रहे, इसके लिए पार्किंग, बैरिकेडिंग एवं मार्ग संकेतक सुव्यवस्थित किए जाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने एवं सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस अवसर पर निरीक्षण से पूर्व कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी सहित अन्य अधिकारियों ने मंदिर पहुंचकर माता जानकी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रशासन द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी सोनू डाबर के अलावा विभिन्न विभागों के जिला व खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलाधीश की उपस्थिति में हुई चर्चा

# महामाई मेले की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई आयोजित

**सिरोंज।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि में आयोजित होने वाले महामाई मेले की तैयारियों को लेकर महामाई मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां महामाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला सुव्यवस्थित और भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों के निर्धारित कार्यों से जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुए कहा कि जिला एवं स्थानीय प्रशासन का सदैव सराहनीय सहयोग मिलता रहा है। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि महामाई मंदिर का अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली इतिहास है तथा पीढ़ियों से यहां एवं आसपास के लोग श्रद्धापूर्वक पूजन करते आये है उन्होंने सभी से मिलकर मेले को विराट स्वरूप देने का आह्वान किया। वही जिलाधीश अंशुल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समिति लंबे समय से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराती आ रही है। समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए बिंदुओं पर प्रशासन आवश्यक कार्यवाही करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों की सफलता में समाज और



समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वही मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नालिनीकांत शर्मा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जब से यहां मेला प्रारंभ हुआ है, तब से शासन, प्रशासन और समिति के बीच हमेशा समन्वय बना रहा है। सभी ने मिलजुलकर श्रद्धा के साथ माता रानी की सेवा की है। आप सभी के सहयोग से आज यह मेला एक विराट स्वरूप ले चुका है। उन्होंने सभी पर माता रानी की कृपा बनी रहने की कामना की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन हरिबाबू भार्गव द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला सीईओ ओमप्रकाश सनोटिया,एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,एसडीओपी सोनू डाबर, तहसीलदार संजय चौरसिया,ट्रस्ट अध्यक्ष अमोल सिंह जाटव,कैलाश शर्मा, झार सिंह दांगी,हमीर सिंह यादव,राजेन्द्र गर्ग, सरसिज शर्मा, सर्वेश शर्मा,पारस तारण, हरिचरण अहिरवार, मनोज सांईनाथ, ओमप्रकाश रघुवंशी, रविकांत तारण, बलजीत यादव आदि रहे मौजूद।

# भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का श्रीकृष्ण सुदामा मिलन के साथ हुआ समापन

## ज्ञान, भक्ति, वैराग्य की त्रिवेणी है भागवत जीः डॉ प्रज्ञा भारती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

श्रीशिव महिला मंडल के तत्वाधान में पशु चिकित्सालय प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सोमवार को श्रीकृष्ण के गरीब ब्राह्मण मित्र सुदामा से मिलन कथा प्रसंग के साथ समापन हुआ।

सभी का आभार श्रीमद् भागवत कथा समापन पर हवन प्रसादी वितरण किया गया। समापन महा आरती में भारी संख्या में श्रद्धालु, नर-नारियों की उपस्थिति रही।

शिव महिला मंडल की संरक्षक किरण राठी, पुनीता बिदुआ, छाया सोनी, अध्यक्ष श्रीमती शीला राय ने कथा आयोजन में सभी सहयोगियों यजमानों का आभार व्यक्त करते हुए महिला मंडल द्वारा निर्माण करायी जा रही भागवत भवन निर्माण में आर्थिक रूप से या सामग्री के रूप में सहयोग करने की अपील की।

### मथुरा की लीलाओं के साथ द्वारकाधीश लीला का किया वर्णन

कथा व्यास पू. प्रज्ञा भारती जी ने कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल, वृंदावन, मथुरा की लीलाओं के साथ द्वारकाधीश लीला का विस्तार से वर्णन किया। भगवान के अवतारों की चर्चा की यदुवंशियों को मिले श्राप आपस में लड़ाई संघार का वर्णन किया, कहा कि श्री कृष्ण प्रेम भक्ति के अवतार हैं। पू प्रज्ञा भारती ने कहा हिंदू धर्म संस्कृति में पुराण श्रेष्ठ है। भागवत पुराण सर्वश्रेष्ठ और पुराणों का तिलक है, ज्ञान भक्ति वैराग्य की त्रिवेणी श्रीमद् भागवत कथा है। इसके श्रवण से जीवन बदलने के साथ जीव ईश्वर भक्ति के मार्ग पर बढ़ता रहता है।

### भक्तों ने जमकर खेली रंगों की होली

# प्राचीन श्रीजी मंदिर में हुआ फाग उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में फाग, रंगोत्सव का धूमधाम से आयोजन हुआ। फाग श्रीकृष्ण-राधा जी के भक्ति गीतों भजनों पर जमकर रंगों की वर्षा कर एक-दूसरे को सराबोर करने का मस्ती भरा माहौल बना रहा। प्रतिदिन भक्ति रस में भाव विभोर हो कर संगीतमयी भजनों का मंदिर प्रांगण में आयोजन हो रहा है।

भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी को समर्पित फाग गीतों और भजनों पर मंदिर आने वाले महिला-पुरुष, युवक-युवतियां सम्मलित होकर रंगोत्सव का आनंद उठा रहे है। सभी के द्वारा रात्रि में जमकर रंग गुलाल के साथ होली खेलने का अद्भुत द्रश्य अर्धरात्रि तक बना रहा।

# साहू समाज के परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने दिया परिचय

## परिचय सम्मेलन के दौरान साहू समृद्धी पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अखिल भारतीय साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन में रायसेन जिला ही नहीं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए साहू समाज के युवक-युवतियों द्वारा अपना परिचय दिया गया। विवाह योग्य युवक-युवतियों का आपस में परिचय का मंच उपलब्ध हुआ।

नगर में विभिन्न स्थानों के आर्दश सामुहिक विवाह का आयोजन हो रहा है। साहू समाज के युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन के माध्यम से अन्य समाजों के इसी प्रकार आयोजन किए जाने का रास्ता खोल दिया है।

कार्यक्रम में बाड़ी जनपद की अध्यक्ष श्रीमति शशि प्रभा पटेल, न.प. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने साहू समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा और सराहना की कार्यक्रम में साहू समाज के संगठन पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में महिला-पुरुषों, युवक-युवतियों की उपस्थिति रही।




### पुस्तक का विमोचन एवं परिचय

कार्यक्रम के दौरान साहू समृद्धी नाम की पुस्तक का विमोचन हुआ। पुस्तक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के साथ लगभग 1500 साहू राठौर समाज के युवक-युवतियों के नाम परिचय भी दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान एक-एक कर साहू समाज के युवक-युवतियों ने अपनी शिक्षा, रोजगार सहित अन्य विषयों पर जानकारियां दी गई। परिचय के बाद आने वाले दिनों में विवाह संबंध निश्चित होने की शुरुआत होगी।

# होली के रंगोत्सव पर चंद्रग्रहण का साया

### रंगों भरी होली 4 मार्च को खेली जाएगी, क्षेत्र में होली खेलने की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सोमवार की रात में होलिका दहन के बाद दूसरे दिन रंग खेलने का अवसर चंद्रग्रहण के कारण 4 मार्च को मिलेगा। नगर व क्षेत्र में फाग होरी खेलने की तैयारियां शुरु हो गई है। नगर में होली चौक की प्राचीन होली, होलिका दहन के साथ नगर के विभिन्न स्थानों, कॉलोनियों में 25 से अधिक स्थानों पर सनातन संस्कृति धर्म के अनुसार पूजन प्रार्थना के साथ होलिका दहन होगा।

इस वर्ष धुलेड़ी पर चन्द्रग्रहण पड़ रहा है। इस कारण 3 के स्थान पर 4 मार्च को रंग पर्व मनाया जाएगा। इसी के अनुसार परिवारों में तैयारियां शुरु होने के साथ लोगों की मानसिकता बनी हुई है। होली पर जमकर रंग, गुलाल खेलने एक-दूसरे को रंगों से सरावोर किये जाने की परंपरा के साथ होली पर गुजिया, पपड़ी और मिठाइयाँ बनाने खाने और खिलाने की परपंरा है। भले ही रेडीमेड मिठाई, नमकीन का प्रचलन बढ़ गया हो परन्तु आज भी होली पर ग्रामीण क्षेत्र में घरों-घर मिठाईयाँ बनाने का प्रचलन बना हुआ है।



#### सज गई रंग पिचकारी की दुकानें

होली पर विभिन्न रंगों से लोगों को सरावोर करने के लिए लोगों द्वारा पक्के रंग और गुलाल का उपयोग किया जाता है। बच्चे पिचकारियों के द्वारा बिना किसी भेद-भाव के लोगों पर रंग डालते है। नगर की सडक़ों के किनारे जनरल स्टोर, मनिहारी की दुकानों पर आकर्षक पिचकारियों की बाढ़ सी आ गई है। वही रासायनिक रंग गुलाल के स्थान पर लोग बिना हानिकारक रंगों को पसंद कर रहे है।

### सामुदायिक भवन में 500 लोगों के बैठने की होगी सुविधा

# डॉ अंबेडकर भवन के पास 50 लाख रू से नप करेगी सामुदायिक भवन का निर्माण

### नप ने निविदा प्रक्रिया पूर्ण की है, अनुबंध होते ही भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुविधायुक्त भवन की कमी बनी हुई थी। श्रीरामलीला मैदान मानस भवन में ही अधिकांश कार्यक्रम हुआ करते थे। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत नगर को सामुदायिक भवन की सौगात मिली है।

50 लाख की राशि से नगर परिषद द्वारा निर्माण कराये जाने वाले भवन में 500 लोगों के बैठने की क्षमता और सुविधा होगी। सामुदायिक भवन निर्माण हो जाने से अब सर्दी, गर्मी, बारिश में एक समान कार्यक्रम के आयोजन की सुविधा संस्थाओं को प्राप्त होगी।



#### पिपरिया रोड पर बनेगा भवन

पिपरिया रोड पर ही न.प. का कार्यालय है। बारना स्कूल है, सीएमओ निवास और 2 ऊँची पानी की टंकी बनी हुई है। अम्बेडकर, श्रमिक भवन पूर्व से बना हुआ है। रिक्त भूमि पर 50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण प्रतावित है। न.प. ने निविदा प्रक्रिया पूर्ण की है, अनुबन्ध होते ही भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जहाँ भवन निर्माण होना है, समीप पिपरिया रोड पर सिविल अस्पताल भी बना हुआ है।

#### इनका कहना है

सुविधायुक्त सामुदायिक भवन की लम्बे समय से आवश्यकता थी। भवन निर्माण से सम्मेलन, विवाह कार्यक्रमों, सत्संग, सामाजिक-सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों के लिए आसानी से स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

**- हेमंत राजा भैया चौधरी,**
अध्यक्ष नगर परिषद बरेली।

विद्वानों ने बताया - चंद्रग्रहण होने के चलते 4 मार्च को खेली जाएगी होली

# फाल्गुन पूर्णिमा पर श्रद्धा-उल्लास का संगम 70 से अधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर सोमवार रात शहर रंगों के त्योहार की उमंग में सराबोर नजर आया। शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया तथा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। शहर में 70 से अधिक स्थानों पर परंपरागत ढंग से होलिका जलाई गई। पंडित राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि जब प्रदोष व्यापिनी फागुन माह की पूर्णिमा होती है, तब भद्रा पुच्छ में होलिका दहन शुभ माना जाता है। सोमवार शाम 7.27 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक शुभ मुहूर्त रहा। कल मंगलवार को खग्रास चंद्र ग्रहण होने की वजह से धुरेडी 4 मार्च को रंग खेल जाएगा।

होलिका दहन से पहले महिलाओं ने कच्चे सूत की माला से होलिका की परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। गेहूं की बालियां और नई फसल की आहुति देकर अच्छी पैदावार की प्रार्थना की गई। कई स्थानों पर युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक फाग गीत गाए। देर रात तक हुरियारों की टोलियां फाग गीतों पर थिरकती रहीं।

शहर के गंजबाजार नरापुरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मढ़ईपुरा, मालीपुरा गवोईपुरा, पटेल नगर, बस स्टैंड, महावीर कॉलोनी, वीआईपी कॉलोनी गोल्डन सिटी, भारत नगर, भारत बिहार मुखर्जी नगर, यशवंत कॉलोनी रामलीला ग्राउंड, तालाब मोहल्ला सहित अन्य कॉलोनियों में बच्चों युवा युवतियों में खास उत्साह देखा गया।

### होलिका दहन में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

इस बार शहर के कई मोहल्लों, कॉलोनियों व मंदिरों के परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देखने को मिला। लकड़ी की बजाय गोबर के कंडों और सूखी लकड़ियों से होलिका दहन किया गया। आयोजन समितियों ने लोगों से हरित होली मनाने और अनावश्यक पेड़ों की कटाई से बचने की अपील की। युवाओं ने ग्रीन होली—क्लीन होली के नारे लगाते हुए स्वच्छता का संकल्प भी लिया।



### सुरक्षा व्यवस्था के लिए किए पुख्ता इंतजाम

होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रमुख चौक चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों कॉलोनियों में पुलिस वाहनों में सवार हो गश्त करती नजर आई। नगर पालिका की ओर से फायर ब्रिगेड और पानी के टैंकर भी सतर्क रखे गए थे।

### सामाजिक समरसता का दिया संदेश

वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। देर रात तक शहर में उत्सव का माहौल बना रहा और लोग एक-दूसरे को चेहरे पर रंग गुलाल अबीर लगाकर होली , रंग पंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते नजर आए।

### बुधवार (4 मार्च) को खेलेंगे होली

4 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी। बाजारों में गुलाल और पिचकारियों की बिक्री जोरों पर है। वहीं नगर श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री ने बताया कि बुधवार को सुबह हुरियारों का पारंपरिक जुलूस ढोल नगाड़ों व डीजे के बीच सुबह 10 बजे श्रीहनुमान मंदिर पाटनदेव से प्रारंभ किया जाएगा।



### आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर होलिका दहन

**दीवानगंज।** होली पर्व को लेकर बनी असमंजस की स्थिति के बीच सोमवार को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। विशेष बात यह है कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लगने वाला है। इसी कारण ग्रहण के प्रभाव से बचने के लिए होलिका दहन सोमवार को ही करना श्रेष्ठ और शास्त्रसम्मत माना गया है। जबकि मंगलवार को चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण होली नहीं खेली जाएगी। ग्रहण दोष के चलते रंगोत्सव बुधवार को मनाना शास्त्र सम्मत माना गया है। हालांकि अलग-अलग स्थानों पर तिथि को लेकर चर्चा चल रही है, जिससे ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं पंडितों की सलाह के बाद अधिकांश स्थानों पर बुधवार को ही रंगोत्सव मनाने की सहमति बनती दिखाई दे रही है।




### नगर के 16 स्थानों पर हुआ होलिका दहन, कल निकलेगा चल समारोह

- रंग-गुलाल व पिचकारियों से सजे बाजार

**सिलवानी।** नगर में सोमवार रात होलिका दहन का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में 16 स्थानों पर विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन संपन्न हुआ। रात्रि में श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के गांधी चौक, होली चौक, जमुनिया पुरा, नूरपुरा सहित विभिन्न मोहल्लों में उत्साह पूर्वक होलिका दहन किया गया। हर स्थान पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। रात्रि में पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च भी निकाला गया, ताकि शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। ग्रहण के चलते इस वर्ष धुलेडी का पारंपरिक चल समारोह बुधवार को निकाला जाएगा।

एक साथ उठीं दोनों दोस्तों की अर्थियां

# अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को मारी टक्कर, मौत

भतीजे के मुंडन में शामिल होने उदयपुरा के धर्मपुरा घाट जा रहे दोनों युवक, रास्ते में हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भतीजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने निकले दो जिगरी दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार को जब दोनों की अर्थियां एक साथ उठीं और पूरन तालाब वाले श्मसान घाट पर एक साथ दो चिताओं को मुखाग्नि दी गई तो मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई और लोधी परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के मुखर्जी नगर निवासी 25 वर्षीय राहुल सिंह और उनके जिगरी दोस्त अर्जुन राजपूत सोमवार तड़के स्कूटी से उदयपुरा के धर्मपुरा घाट में आयोजित मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। परिजनों के अनुसार दोनों रविवार रात करीब 12 बजे घर से निकले थे। तड़के करीब 4 से 5 बजे के बीच नोनिया बरेली मोड़ के पास जयपुर-जबलपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद करीब दो घंटे तक दोनों के शव सड़क किनारे पड़े रहे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

उदयपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### मृतक दोनों युवाओं को एक ही शमशान में एक साथ दी मुखाग्नि

मंगलवार को जब दोनों दोस्तों की अर्थियां एक साथ उठीं तो मुखर्जी नगर, पटेल नगर समेत पूरे शहर का माहौल गमगीन हो गया। बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पूरन तालाब वाले श्मशान घाट पर दोनों की चिताएं साथ-साथ सजाई गईं और परिजनों ने भारी मन से मुखाग्नि दी। इस दृश्य को देख वहां मौजूद लोग अपने आंसू नहीं रोक सके।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में मुंडन संस्कार की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां मातम छा गया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि राहुल और अर्जुन बचपन से ही साथ थे। दोनों मेहनती और मिलनसार स्वभाव के थे।

# गद्दी करार में जंगली जानवरों का आतंक

## किसान की 2 एकड़ गेहूं फसल पूरी तरह चौपट पीड़ितों ने उठाई नुकसान के मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद क्षेत्र के गद्दी करार गांव में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक किसानों के लिए बड़ी चिंता का कारण बन गया है। खेतों में घुसकर जंगली जानवर लगातार गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान गुलाब सिंह शाक्य की 3 एकड़ में गेहूं की फसल में से लगभग 2 एकड़ की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है।

किसान का कहना है कि बीज, खाद, सिंचाई और मेहनत में भारी लागत लगाई गई थी, लेकिन अब फसल बर्बाद होने से लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। गुलाब सिंह शाक्य ने बताया कि रात के समय जंगली जानवर खेतों में घुस आते हैं और पूरी फसल चौपट कर देते हैं। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा दिलाने और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। अन्य किसान भी इस समस्या से परेशान हैं और वन विभाग से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

# भोपाल-विदिशा हाईवे पर एक साल में फिर से हुए गड्ढे, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



भोपाल—विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर पिछले वर्ष एमपी आरडीसी द्वारा कराए गए डामरीकरण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना करीब 12 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिनमें भारी वाणिज्यिक वाहन भी शामिल हैं। एमपीआरडीसी द्वारा टोल टैक्स वसूली जारी है, लेकिन सड़क की मरम्मत और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। 40 किलोमीटर मार्ग पर कई जगह गड्ढे 1 साल के अंदर फिर से हो गए हैं। जबकि एमपी आरडीसी द्वारा 1 साल पहले पुर रोड पर डामरीकरण किया गया था। गड्ढों के कारण वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। वाहन चालक इन गड्ढों को बचाने के चक्कर में एक दूसरे से भिंड जाते हैं जिससे दुर्घटनाओं में दिना दिन बढ़ोतरी हो रही है।

दूसरा कारण यह भी है कि रोड की चौड़ाई कम होने के कारण इस रोड पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है 1 साल के अंदर ही भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर 200 से ज्यादा दुर्घटना हो चुकी है जिनमें से अभी तक 35 से ज्यादा व्यक्ति की मौत हो गई तो 200 से ज्यादा घायल हुए हैं।

बारिश खत्म हुए करीब छह माह बीत चुके हैं, इसके बावजूद सड़क की साफ-सफाई और पैचवर्क तक नहीं हुआ। कई स्थानों पर गड्ढे इतने गहरे हो गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने मांग की है कि हाईवे 18 की तत्काल मरम्मत, गड्ढा-मुक्त अभियान और बालमपुर घाटी पर रेलिंग दोबारा लगाई जाए।

## खबर संक्षेप

### 4 मार्च तक पंचकल्याणक उत्सव का हो रहा आयोजन

**दीवानगंज।** क्षेत्र के श्री तीर्थधाम ज्ञानोदय में 1 से 4 मार्च तक पंचकल्याणक एवं श्री ज्ञानोदय दिगम्बर जैन सिद्धांत महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का आयोजन हो रहा है। इसके अंतर्गत सुबह 7:30 से 8 बजे तक प्रक्षाल एवं जिनेन्द्र पूजन 9 बजे से दीक्षांत समारोह सभा एवं विभिन्न विद्वानों द्वारा स्वाध्याय, 3 मार्च को भव्य चतुर्थ दीक्षांत समारोह जिसमें संजीव शमी आईपीएस, डॉ. शांति कुमार पाटिल, प्राचार्य पंडित टोडरमल, डॉ. वीर सागर, पंडित राजकुमार शास्त्री, पंडित विपिन शास्त्री, पं पुनीत मंगलवर्धिनी एवं समस्त स्थानीय विद्वान उपस्थित रहेंगे।

### थाना प्रभारी ने स्कूल का किया निरीक्षण

**सलामतपुर।** सोमवार को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी द्वारा परीक्षा केंद्र एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र प्रभारी अनिता सिरवैया और शिक्षकों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस बल भी मौजूद रहा। गौरतलब है कि उस वर्ष 10 वीं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में सुरक्षा व्यवस्था के माकूल इंतज़ाम किये गए हैं।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

**रायसेन।** माह मार्च के प्रथम शासकीय कार्य दिवस 2 मार्च सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत "वंदे-मातरम" एवं राष्ट्रगान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन किया गया।

रमजान सब्र, शुक्र और खुदा के करीब होने का महीना

# रोजाना इबादत के साथ नेकी कर रोजे रख रहे मुस्लिम समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



मुसलमानों के पवित्र माह रमजान की शुरुआत से सोमवार तक 12 दिन पूर्ण हो चुके है। इबादत, संयम, दुआ और आत्मशुद्धि से भरे इस पाक महीने ने शहर की फिजा में खास रोनक घोल दी है। मस्जिदों की रौशनियां, बाजारों की चहल-पहल और सुबह से लेकर रात तक जारी रहने वाली इबादतों ने शहर के वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया है।

शाम ढलते ही इफ्तार की तैयारियां चरम पर पहुंच जाती हैं। खजूर, फल और रोजे खोलने की अन्य सामग्री से बाजार सज उठते हैं। रात में नमाज-ए-इशा और तरावीह के दौरान मस्जिदों में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह के साथ इबादत में शामिल हो रहे हैं।

इस्लामी परंपरा के अनुसार रमजान तीन अशरों में बंटा होता है। जिसमें पहला रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा निजात। इसी क्रम में रोजेदार इबादत, तौबा और नेक अमल के जरिए खुद को आत्मिक रूप से मजबूत करते हैं। शहर की मसाजिदों में धर्म का उपदेश देते हुए बताया जा रहा है कि रमजान का यह महीना सब्र, शुक्र और खुदा के करीब होने का महीना है। उन्होंने बताया अल्लाह इस महीने में नेमतें बढ़ा देता है और हर नेक काम का सवाब कई गुना ज्यादा लिखा जाता है। हर रात तरावीह के बाद अपने बयान में वे रोजेदारों को सच्चाई, ईमानदारी और नेकनीयती के साथ जीवन जीने की नसीहत देते हैं। वे युवाओं से विशेष तौर पर बुराइयों से दूर रहने और समाज में सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हैं।

रकीब खान ने बताया रमजान आत्मिक शांति और सुकून का महीना है। इबादत से मन को ठहराव मिलता है और इंसान अपने भीतर सकारात्मक परिवर्तन महसूस करता है। उन्होंने युवाओं से अपने धर्म के मूल सिद्धांतों सदाचार, अनुशासन और मानवता का पालन करने की अपील की है।

लंबे समय बाद भाजपा के मंडल अध्यक्षों की दूसरी लिस्ट जारी

# आदित्य और वीरेंद्र पुनः और विनोद पहली बार बने अध्यक्ष


आदित्य शर्मा


वीरेंद्र सिंह बघेल


विनोद सिंह बघेल


गोविंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से लंबे समय के इंतजार के बाद सोमवार को रायसेन जिले के 6 मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। घोषित मंडल अध्यक्षों में भोजपुर मंडल के राजेश गौर, बाड़ी मंडल के सरबजीत सिंह अटवाल, बेगमगंज ग्रामीण मंडल के लक्ष्मी दुबे, सांची मंडल के विनोद बघेल, साचेत मंडल के वीरेंद्र बघेल, रायसेन नगर मंडल आदित्य शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

सभी मंडल अध्यक्षों को संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह, जिला संगठन प्रभारी सुश्री राजो मालवीया, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, राकेश तोमर, रघुवीर सिंह मीणा, जीतू ठाकुर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर, अमित कटियार, दीपक रघुवंशी, सहित अनेक कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

### क्षेत्रीय विधायक प्रति. बने गोविंद वैष्णव

**रायसेन।** शहर के युवा नेता गोविंद वैष्णव को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने खुशियां जाहिर कर बधाई दी है। वहीं क्षेत्रीय बीजेपी विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में बीजेपी अध्यक्ष राकेश शर्मा, वीरेंद्र बघेल, ब्रजेश चतुर्वेदी सहित उनके मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाईयां दी है।

पठा पोड़ी में गूंज रही शिवपुराण कथा

# कार्य को कर्तव्यनिष्ठ भाव से करें यही सच्चा धर्मः पं शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



अंचल के ग्राम पठा पोड़ी में इन दिनों भक्तिमय वातावरण के बीच शिवपुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा पंडाल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर रहे हैं। व्यासपीठ से पूज्य शैलेंद्र कृष्ण महाराज ने अपने ओजस्वी वचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य और सत्कर्म का महत्व समझाया।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि सत्यकर्म मात्र मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका उद्देश्य केवल भोग-विलास नहीं, बल्कि धर्म और कर्तव्य का पालन करना है। यदि मनुष्य सत्कर्म और नेकी के मार्ग पर चलता है, तो वह जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जीव को संसार में रहते हुए अपने प्रत्येक कार्य को कर्तव्यनिष्ठ भाव से करना चाहिए। यही सच्चा धर्म है और यही ईश्वर की सच्ची उपासना है।

महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि कर्म ही मनुष्य की पहचान है। अच्छे कर्म करने वाला व्यक्ति समाज में सम्मान पाता है।

जिला टीकाकरण अधिकारी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

सीएमएचओ को प्रतिदिन मॉनीटरिंग के लिए निर्देशित

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लेटलतीफी करने पर कलेक्टर ने सिविल सर्जन को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों तथा योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभाग और अधिकारीवार सीएम हेल्पलाईन निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों, एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन पर प्रकरण प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

कलेक्टर ने जिला अस्पताल से संबंधित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होने तथा निराकरण की गति धीमी होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सिविल सर्जन डॉ यशपाल बाल्यान को कार्यप्रणाली में सुधार लाने एवं सीएम हेल्पलाईन का प्राथमिकता से निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने नॉन अटेंडेंट शिकायतों की समीक्षा के दौरान कहा कि सीएम हेल्पलाईन नॉन अटेन्डेन्ट रहना यह दर्शाता है कि संबंधित अधिकारी अपने कार्य में प्रति गंभीर नहीं है। भविष्य में कोई भी सीएम हेल्पलाईन नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे, यह अधिकारी सुनिश्चित करें।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कामकाजों और सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में दिए दिशा-निर्देश




बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 14052 बालिकाओं को टीका लगाया जाना है, जिसके विरूद्ध प्रगति बेहद कम है। उन्होंने टीकाकरण कार्य गंभीरता से नहीं लेने और जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर फटकार लगाते हुए सिविल सर्जन डॉ यशपाल बाल्यान को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। साथ ही जिला टीकाकरण अधिकारी को भी नोटिस जारी करने के लिए कहा। सीएमएचओ को प्रतिदिन मॉनीटरिंग के लिए निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया है।

कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय व जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं वीसी के माध्यम से ब्लॉक अधिकारी शामिल रहे।